गया। इसके अलावा अर्जुन लाल व ओम चंद को प्रांतीय प्रतिनिधि जबकि हरि सिंह, विकास कुमार व संजीव कुमार को क्षेत्रीय प्रतिनिधि अवकाश के रूप में देने और 10 लाख रुपये का दुर्घटना बीमा का आदेश जल्द जारी करने की मांग की।

तकनीकी शिक्षा में महारत प्राप्त करें विद्यार्थी

जागरण संवाददाता, देहरादून : वीर माधो सिंह भंडारी प्रौद्योगिकी विवि (यूटीयू) के कुलपति प्रो.ओंकार सिंह ने कहा कि विद्यार्थी तकनीकी शिक्षा में महारत प्राप्त करें। जिससे वह उच्च तकनीकी संस्थानों व औद्योगिक क्षेत्र के योग्य हो सकें।

यह संबोधन उन्होंने बुधवार को तुलाज इंस्टीट्यूट में विमर्श संवाद सत्र में दिया। कुलपति प्रो. ओंकार सिंह ने सत्र का संचालन करते हुए शैक्षणिक और व्यक्तिगत विकास पर विचार रखे। कार्यक्रम की शुरुआत तुलाज इंस्टीट्यूट के निदेशक डा. अनिल कुमार के स्वागत भाषण के साथ हुई। प्रौद्योगिकी के उपाध्यक्ष डा. राघव गर्ग, डीन एकेडमिक डा. निशांत सक्सेना, डीन मैनेजमेंट डा. रणित किशोर, कुलसचिव डा. पवन कुमार चौबे ने भी विचार रखे।

कार्यक्रम में शिवालिक इंजीनियरिंग कालेज के निदेशक डा. प्रहलाद, जेबीआइटी के प्रो. मनोज चौधरी व डा. संदीप चौधरी ने भी हिस्सा लिया। इस सत्र में जेबीआइटी और शिवालिक कालेज के छात्रों की उत्साहपूर्ण भागीदारी रही। यूटीयू से संबद्ध अन्य कालेजों के छात्रों ने भी आनलाइन मोड के माध्यम से सत्र में हिस्सा लिया। संवाद कार्यक्रम के जरिये छात्रों को शैक्षणिक और व्यक्तिगत विकास के विभिन्न पहलुओं पर जानकारी प्रदान की गई।